तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 17 मई 2025


11 अन्नप्राशन, गोदभराई सहित विद्यार्थियों ...



12 सुबह 6 से रात 10 बजे तक शहर में रेत भरी हाइवा ...






## 10वीं व 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782 (1) पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-490023**

**इच्छुक छात्र आवेदन करें**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**

1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)

**6 माह सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी**



Advt.


## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए तिरंगा यात्रा आज

**गरियाबंद।** राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए 17 मई को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा जिला मुख्यालय में सुबह 8 बजे निकाली जायेगी। तिरंगा यात्रा के दौरान ऑपरेशन सिंदूर का लोगो का उपयोग किया जायेगा। यात्रा में हम सेना के साथ हैं और ऑपरेशन सिंदुर के तहत सेना की कार्यवाही के संबंध में लोगो में देश भक्ति की भावना जागृत की जायेगी। भारत की जीत, सशस्त्र बलों की सुरक्षा, सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों को धन्यवाद देने की तख्तियों का इस्तेमाल किया जायेगा। कलेक्टर श्री बीएस उइके ने कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, सैनिकों के परिवारों, छात्रों एवं सभी वर्गो के लोगो से तिरंगा यात्रा में भाग लेने की अपील की है। यात्रा शांतिपूर्ण, अनुशासित, संगठित एवं उत्साह से भरी होगी। उद्घोषणा वाहनों से देशभक्ति के गीत और देशभक्ति के नारे भी लगाए जायेंगे। यात्रा में तिरंगे झण्डे को लेकर देश भक्ति के नारे लगाए जायेंगे। यात्रा में पंचायत प्रतिनिधियों सहित जनप्रतिनिधियों को भी शामिल होने की अपील की गई है।

समस्या : वन विभाग ने ग्रामीणों को सुरक्षा के लिए बांटे टार्च व अन्य सुविधाएं उपलब्ध करा रही

# ताराझर में हाथियों के दल ने मचाई तबाही, तीन मकान तोड़े, फसल रौंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अलग खबर

उदंती सीतानदी टाईकर रिजर्व के बफर जोन इलाका कुल्हाड़ीघाट पहाड़ी के ऊपर बसे ग्राम ताराझर एवं कुरूवापानी के आसपास पिछले एक माह से हाथियों के दल ने डेरा डाल दिया है जिसके चलते ग्रामीणों में भारी दहशत देखने को मिल रही है हाथियों का दल के द्वारा ग्राम ताराझर में दो ग्रामीणों के मकानों को तोड़फोड़ किया है एवं फसलों को नुकसान पहुंचाया गया है वन विभाग द्वारा बकायदा फसल क्षति की आंकलन कर मुआवजा के लिए भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार कुल्हाड़ीघाट के पहाड़ी ताराझर में हाथियों का दल जिसमें 15 से 20 की संख्या बताई जा रही है पिछले एक माह से डेरा डाला है और इसमें तीन छोटे-छोटे नन्हे शावक होने की जानकारी मिल रही है लगातार हाथियों का फोटो वन विभाग द्वारा लगाए गए ट्रेप कैमरा में भी कैद हुआ है हाथियों के दल ने कई किसानो के दलहन तिलहन के फसलो को जहां एक ओर नुकसान पहुंचाया है वहीं दो ग्रामीण देवी सिंह एवं रूपसिंह कमार के मकान को पूरी तरीका से तोड़ फोड किया गया है हालाकि वन विभाग में मकान क्षति और फसल क्षति का आंकलन कर मुआवजा प्रदान करने का बात कही है।





### अलाव जलाकर रातभर रतजगा कर रहा वन विभाग

ताराझर, कुरूवापानी के आसपास हाथियों का दल पिछले एक माह से डेरा डाल देने के कारण ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर वनविभाग पूरी तरह मुस्तैद है और शाम होते ही हाथियों के दल गांव की तरफ आने की जानकारी लगते ही सभी ग्रामीणों को एक स्थान पर एकत्र कर चारो तरफ अलाव जलाकर वनविभाग द्वारा रतजगा कर ग्रामीणों की भी सुरक्षा किया जा रहा है तो वहीं 50 ग्रामीणों को टार्च वितरण वनविभाग द्वारा किया गया है उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन के निर्देश पर लगातार ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए हर संभव उपाय वन विभाग द्वारा किया जा रहा है।

### हर गतिविधियों पर पैनी नजर

कुल्हाड़ीधाट वन परिक्षेत्र के अधिकारी अमर सिंह ठाकुर ने बताया की पिछले एक माह से हाथियों का दल पहाड़ी गांव में डेरा डाला हुआ है। तीन दिन पहले 5 हाथी नीचे गांव में उतरे हैं वन विभाग द्वारा एवं हाथी मित्र दल द्वारा हाथियों के हर गतिविधियों पर पैनी नजर रखी गई है। श्री ठाकुर ने बताया की ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए उपनिदेशक वरूण जैन के निर्देश पर हमारे कर्मचारी लगातार रात में अलाव जलाकर ग्रामीणों की सुरक्षा में लगे हुए हैं।

# प्रीटर्म डिलिवरी में डॉक्टर की अनदेखी, फोन न उठाने पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- रात्रि में जिला अस्पताल का सीएमएचओ ने किया औचक निरीक्षण
- नवजात की बिगड़ती हालत देख स्वयं संभाली कमान

गरियाबंद जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर मिल रही लगातार शिकायतों के बीच गुरुवार की देर रात मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. गार्गी यदु ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के विभिन्न वार्डों, दवा वितरण केंद्र, प्रयोगशाला और आपातकालीन कक्ष का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उस समय एक प्रीमैच्योर डिलीवरी हो रही थी। नवजात शिशु की हालत गंभीर होने पर डॉ. गार्गी स्वयं डिलीवरी कक्ष में पहुंचीं और बच्चे का परीक्षण कर एनआईसीयू में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि शिशु रोग विशेषज्ञ को कई बार कॉल किया गया, किंतु उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए सीएमएचओ ने कार्रवाई की चेतावनी दी है। डॉ. गार्गी यदु ने



बताया कि लंबे समय से रात में चिकित्सकों और स्टाफ की अनुपस्थिति की शिकायतें मिल रही थीं। इसी कारण यह औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मौजूद मरीजों और उनके परिजनों से भी सीधे संवाद कर स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। मरीजों ने सामान्य रूप से सुविधाएं मिलने की पुष्टि की, परंतु कुछ खामियों पर भी ध्यान दिलाया। इस ▶▶|शेष पेज 11 पर

# कुड़ेरादादर स्कूल की छत से बारिश में रिसाव, बच्चे खतरे में पढ़ने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

सरकार प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कई वादे करती है, लेकिन रसेला अंचल की ये तस्वीरें कुछ और हकीकत बयान कर रही है। नए सत्र का आगाज 17 जून से फिर शुरू हो जाएगी। हर शालाओं में जमकर प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। लेकिन शाला भवनों और शिक्षकों की कमी में हालत में बडा सुधार नहीं हो पाया है। छात्र -छात्राओं को फिर से नए सत्र में इन काम चलाऊं सुविधाओं के बीच मजबुरी में अपने भविष्य गढ़ेंगे। सरकार के भरोसे पढ़ाई करने वाले बच्चों को फिर सुविधाओं के अभाव में शिक्षा दी जाएगी। ज्ञात हो कि छुरा विकास खण्ड मुख्यालय से 20 किमी दूर पर वनांचल क्षेत्र में संचालित शालाओं का भगवान ही मालिक है। यहां बताना लाजिमी होगा शासकीय प्राथमिक शाला कुडेरादादर में बारिश होने पर छत से पानी टपकने से नौनिहाल बच्चों अपनी जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करेंगे। जर्जर भवन को मुख्यमंत्री स्कूल जतन ▶▶|शेष पेज 11 पर



### गिर रहा शिक्षा का स्तर

जैसे तैसे सत्र समाप्त हुआ और फिर नए सत्र खुलने में कुछ दिन शेष हैं। मगर समस्या जस के तस पड़ा हुआ है। जैसे बारिश होता है, कमरा पानी से भर जाता है। शिक्षक मजबूर होकर मध्यान्ह भोजन पश्चात बच्चों को छुट्टी कर देता है। कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। ऐसी स्थिति से बच्चों का शिक्षा स्तर गिरता जा रहा है। ऐसे में सरकार के इन स्कूलों से कैसे बेहतर शिक्षा की उम्मीद की जाएगी। इस क्षेत्र में प्राईमरी, माध्यमिक, हाईस्कूल ऐसे हैं जहां कई वर्षों से विषयवार शिक्षकों कमी के चलते दिनों दिन पढ़ाई का स्तर नीचे गिरता जा रहा है। जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला में पिछले सत्र में बच्चों की दर्ज संख्या 103 था और शिक्षक सिर्फ 2 और पाच कक्षाएं कैसा पढ़ाया होगा, अंदाजा लगाया जा सकता है। पालकगण अपने बच्चों को अभी से पढ़ाई को लेकर चिंतित हो रहें हैं। जनपद सदस्य बिमला नागेश, सरपंच तुलेश्वर ध्रुव, उपसरपंच गुलाब मरकाम, शाला समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश दीवान, कृष्णा साहू, नारायण सिंह ठाकुर, पालकगण झवर अग्रवाल, शिवदास मानिकपुरी, भीखम साहू, केजू ध्रुव, सेवक राम साहू, बीरेंद्र साहू, बीरेंद्र ध्रुव सहित सभी ने कहा कि सत्र शुरू होने के पहले समस्या का समाधान नहीं तो ताला बंदी के लिए हम सभी को बाध्य होना पड़ेगा जिसकी जवाबदेही शासन की होगी।

# बोर्ड परीक्षा में पूरक और फेल छात्रों को मिलेगा दुबारा मौका

**राजिम।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10 वीं एवं 12वीं बोर्ड के छात्रों के लिए दुबारा अवसर परीक्षा आयोजित की जा रही है। जिसमें अनुत्तीर्ण, पूरक एवं उत्तीर्ण छात्र भी परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा छात्रों को राहत देने वाला है। बता दे कि नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बोर्ड की परीक्षा के उपरांत पुनः द्वितीय परीक्षा आयोजित करने का प्रावधान है। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने अवसर परीक्षा के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया है। जिसमें वे छात्र जो किसी कारणवश परीक्षा में नहीं बैठ पाए थे। पूरक अथवा अनुत्तीर्ण हो गए उनका वर्ष खराब न हो इसी उद्देश्य से परीक्षा आयोजित की जा रही है। उत्तीर्ण छात्र अपने श्रेणी अथवा अंकों में सुधार के लिए परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है।

### आवेदन कैसे करें

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई एवं हॉयर सेकेंडरी परीक्षा के द्वितीय अवसर पर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते है। आवेदन सामान्य शुल्क के साथ 20 मई 2025 से 10 जून 2025 तक निर्धारित शुल्क के साथ किए जा सकते है। विलंब शुल्क के साथ 11 जून 2025 से 20 जून 2025 तक परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन किए जा सकते है। विशेष विलंब शुल्क के साथ 21 जून 2025 से 30 जून 2025 तक आवेदन कर सकते है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा द्वितीय परीक्षा की तिथि घोषित नहीं की गई है।

# 56 किलो गांजा जब्त, तीन अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार



**गरियाबंद।** जिले में मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर नकेल कसते हुए देवभोग पुलिस ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 56 किलो 660 ग्राम गांजा और तस्करी में प्रयुक्त वाहन जब्त किया है। जब्त गांजा और वाहन की कुल कीमत 11 लाख 65 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जिले के थाना प्रभारियों को अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इसी कड़ी में देवभोग थाना प्रभारी ने अपने क्षेत्र में मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए नियमित गश्त और पेट्रोलिंग बढ़ा दी थी। गुरुवार को थाना स्टाफ को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की ट्राइबर कार (क्रमांक OD 08V 6752) में तीन लोग भारी मात्रा में गांजा भरकर धरमगढ़ (उड़ीसा) से खूटगांव की ओर आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने इलाके में घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका। तलाशी लेने पर कार की पिछली सीट पर दो सफेद प्लास्टिक की बोरियों में गांजा पाया गया। तौल कराने पर गांजे का वजन 56 किलो 660 ग्राम निकला, जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 65 हजार रुपए बताई गई। इसके अलावा वाहन की कीमत 6 लाख रुपए बताई गई। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में अपने नाम नीलांबर नायक (निवासी पीपलगुड़ा, थाना जयपटना, जिला कालाहांडी), ▶▶|शेष पेज 11 पर




## खबर संक्षेप




### शाह को बर्खास्त कर देशद्रोह का प्रकरण दर्ज करें

**रायपुर।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधो राम वर्मा ने मांग की है मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह पर राष्ट्रद्रोह का प्रकरण दायर कर मंत्री पद से बर्खास्त करें। शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादी की बहन बताकर पूरे सैनिकों और राष्ट्र का अपमान किया है। भाजपा का असली चेहरा इससे उजागर हुआ है। जिला कांग्रेस रायपुर के तिल्दा ब्लॉक में कांग्रेसजनों द्वारा विजय शाह का पुतला फूंका गया। वहीं तिल्दा थाना में उनके खिलाफ एफआई आर दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की गई। इस दौरान संचार विभाग के पूर्व चेयरमैन शैलेश नितिन त्रिवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष देवदास टंडन, लक्ष्मीनारायण वर्मा, नेता प्रतिपक्ष सोनू मार्कण्डेय, मोती हिंदुजा, सुनील सोनी, आशा यादव, अजितेश शर्मा, प्रकाश मेघानी, विजय हीरामणि, किट्टू नीरज राठी, गजानंद वर्मा सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### मंत्री शाह का बयान आपत्तिजनक, सोफिया देश की बेटी, देश का गौरव

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के मुख्य प्रवक्ता एवं अधिवक्ता भगवानू नायक ने मध्यप्रदेश के जनजातीय मंत्री विजय शाह द्वारा देश की वीरांगना बेटी कर्नल सोफ़िया कुरैशी के खिलाफ की गई अपमानजनक एवं धार्मिक रंग से युक्त टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, कर्नल सोफ़िया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व करते हुए पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। वह न केवल देश की बेटी, बल्कि देश की गौरव हैं। मंत्री शाह का बयान संविधान की शपथ के विपरीत है। उन्होंने कहा जिस मंत्री ने संविधान की रक्षा की शपथ ली है, वही यदि महिला अधिकारियों का अपमान करे, तो यह पद के अनुरूप नहीं है। उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश ने इस मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है, जो न्यायपालिका की सजगता का उदाहरण है। उन्होंने कहा, कर्नल सोफ़िया का साहस और समर्पण भारत माता की सेवा में एक स्वर्णिम अध्याय है।

### मेरा बाजार, स्वच्छ बाजार अभियान

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर द्वारा गुरूवार से राजधानी में 5 दिवसीय स्वच्छता जागरूकता अभियान मेरा बाजार, स्वच्छ बाजार अभियान की शुरूआत की गयी। महापौर मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर के निर्देश परस्वच्छ भारत मिशन शाखा ने यह अभियान चलाया। जोन-3 के काली माता वार्ड स्थित हाट बाजार में इस मौके पर विभिन्न जागरुकता गतिविधियां आयोजित की गईं। व्यापारियों को गंदगी ना फैलाने और प्लास्टिक उपयोग पर स्पॉट फाइन कार्यवाही की जानकारी दी गई। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री बाजार के लिए पोस्टर लगाए गए। स्थानीय व्यापारियों और आमजनता को कपड़े के थैले उपयोग में लाने के लिए जागरूक किया गया। पहल महिला स्वसहायता समूह के झोला-बैंक में महिलाओं द्वारा बनाए गए कपड़े के थैले जनता को वितरित किए गए।

### आयुष्मान कार्ड बनाने वार्डों में शिविर

**रायपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर निगम के 70 वार्डों में नागरिको की सुविधा के लिये आयुष्मान कार्ड और आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवाने शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वार्ड पार्षदों के नेतृत्व में लगाये गये शिविर में महापौर मीनल चौबे, आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवाने पर 70 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के नागरिको को 5 लाख रुपये तक निःशुल्क उपचार शासन द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी नागरिको का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के लिये राशन कार्ड अनिवार्य नहीं है केवल आधार कार्ड ले जाकर पंजीयन कराकर इस सुविधा का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

# रेरा में नई योजनाओं के पंजीयन की रफ्तार धीमी, अब तक सिर्फ 63 योजनाओं का ही पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रियल एस्टेट में अभी मंदी का दौर चल रहा है। इस साल नई योजनाओं की रफ्तार काफी धीमी है। साढ़े चार माह में महज 63 नई योजनाओं का रेरा में पंजीयन हुआ है। जनवरी और फरवरी में जहां 11-11 नई योजनाएं आई हैं, वहीं मार्च में 14, अप्रैल में सबसे ज्यादा 21 और मई में छह नई योजनाओं का पंजीयन हो चुका है। बीते साल 161 योजनाओं का पंजीयन हुआ था। 2023 में सबसे ज्यादा मंदी रही है, क्योंकि 137 नई योजनाओं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। इधर जो नई योजनाएं आ रही हैं, उनमें देखने वाली बात यह है कि ज्यादातर योजनाओं में जो घर बन रहे हैं, उनमें महंगे घरों पर ज्यादा फोकस है। पूरे देश में उच्च वर्ग की खरीदारी में इजाफा हुआ है। इसी के साथ गरीब तबका भी खरीदारी के मामले में आगे है। मध्य वर्ग की खरीदारी कम हुई है। अब यह वर्ग सोच समझकर ही खर्च कर रहा है। सबसे ज्यादा पैसे खर्च करने वाला उच्च वर्ग ही है। यही वजह है कि अब रियल एस्टेट में भी इसी वर्ग को ध्यान में रखकर ज्यादातर घर बन रहे हैं। 2021 में कोरोना के बाद रियल एस्टेट में त्योहारी सीजन में बहुत घर बिके। करीब छह सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। इस कारोबार की रफ्तार ने पहले ही अहसास करा दिया था कि आने वाला साल रियल एस्टेट के लिए बड़ा अच्छा साल होने वाला है। यह 2022 में देखने को भी मिला। इस साल बड़ा कारोबार हुआ। साल भर में हजार करोड़ से ज्यादा के मकान बिके।

## पहली बार 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 नई योजनाओं का हुआ था पंजीयन




**2022 में बना रिकॉर्ड**

रियल एस्टेट से जुड़ी हर योजना को अब रेरा से मंजूरी लेनी पड़ती है। चाहे वह सरकारी योजना हो या फिर निजी योजना उनको रेरा में पंजीयन के बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता है। रेरा में जब फरवरी 2018 से पंजीयन प्रारंभ हुआ तो यही साल ऐसा रहा, जिसमें रिकॉर्डतोड़ 897 योजनाओं का पंजीयन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर बिल्डर को अपनी पुरानी योजनाओं का भी पंजीयन कराना जरूरी था। दूसरे साल पुरानी और नई योजनाओं को मिलाकर 192 योजनाएं मंजूर हुईं। 2020 में कोरोना काल होने के बाद भी 100 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। 2021 में पिछला रिकॉर्ड टूटा और 136 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ। 2022 में योजनाओं की बाढ़ आई। इस साल 273 नई योजनाएं आईं। इसके बाद 2023 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई साल भर में महज 137 योजनाओं आईं। बीते साल योजनाओं की रफ्तार में कुछ इजाफा हुआ और साल भर में 161 नई योजनाएं आईं।

**विडंबना :** 100 से अधिक आंबा में शौचालय और तीन दर्जन से ज्यादा किराये के मकानों में संचालित

# 200 प्लस आंबा केंद्रों में पंखा व कूलर नहीं तेज धूप एवं उमस से बच्चे हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर

राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा नवनिहालों के जीवन स्तर संवारने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन किया जा रहा है। आंगनबाड़ियों का संचालन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया जाता है। आपको यह जानकर यह आश्चर्य होगा कि गरियाबंद जिले के मैनपुर आदिवासी विकासखंड क्षेत्र में 200 से ज्यादा आंगनबाड़ियों में कुलर व पंखे सहित मूलभूत सुविधा नहीं है जिसके कारण इस भीषण गर्मी में छोटे-छोटे नवनिहाल गर्मी और उमस से परेशान हो रहे हैं हालांकि आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन सुबह 7 बजे से 11 बजे तक किया जाता है लेकिन आंगनबाड़ी से घर पहुंचते तक बच्चों को दोपहर 12 बज रहा है ऐसे में इस भीषण गर्मी में छोटे-छोटे बच्चे बेहद परेशान हो गए हैं और तो और इस सब समस्या से स्थानीय अधिकारियों से लेकर जिला स्तर के अधिकारी तक पूरी तरह वाकिफ है। क्योंकि हर बार समीक्षा व विभागीय बैठक में इसकी मांग प्रमुखता से किया जाता है लेकिन इस गंभीर समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है और तो और आंगनबाड़ी में पहुंचने वाले नवनिहाल छोटे- छोटे अधिकांश बच्चों के पास चप्पल जुता तक नहीं है। वे नंगे पैर तपते गर्मी में आंगनबाड़ी पहुंच रहे हैं।



### आंगनबाड़ी में नहीं है शौचालय की व्यवस्था

*मैनपुर विकासखंड अंतर्गत संचालित अधिकांश आंगनबाड़ी भवन बेहद जर्जर हो चुका है और 100 से ज्यादा आंगनबाड़ियों में शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है और तो और तीन दर्जन से ज्यादा आंगनबाड़ी किराए के मकानों में संचालित हो रहा है। जहां कोई सुविधा नहीं है। मजेदार बात यह है कि जिस महिला बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी का संचालन किया जा रहा है उस महिला बाल विकास विभाग के पास ही मैनपुर में स्वयं के भवन नहीं है महिला बाल विकास विभाग का कार्यालय किराए के भवन में संचालित किया जा रहा है जहां मूलभूत समस्याओं से स्थानीय अधिकारी कर्मचारी स्वयं जूझ रहे है।*

### अधिकांश केंद्रों में पंखे की सुविधा नहीं

*महिला बाल विकास मैनपुर के परियोजना अधिकारी पीआर ठाकुर ने बताया की मैनपुर विकास खण्ड क्षेत्र में कुल 348 आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है जिसमें कई आंगनबाड़ी केन्द्र किराए के भवन में संचालित हो रहा है। उन्होने बताया अधिकांश आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंखा की सुविधा नहीं है।*

### आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण कार्य बेहद धीमा

मैनपुर विकासखंड क्षेत्र मे आंगनबाड़ी भवन नया निर्माण के लिए लाखो रूपये शासन स्तर से स्वीकृत हुआ है और मनरेगा योजना के तहत आंगनबाड़ी भवनो का निर्माण कार्य किया जा रहा है लेकिन भवन निर्माण कार्य इतना धीमा है कि इसका लाभ नही मिल पा रहा है मजबूरन आदिवासी क्षेत्र के नवनिहालो को किराये के मकानो मे अपने सुनहरा भविष्य गढने मजबूर हो रहे है आंगनबाड़ी भवन निर्माण की दिशा मे संबंधित विभाग द्वारा कोई खास कार्यवाही नही करने के कारण कार्य एजेंसी निर्माण कार्य पर ध्यान नही दे रहे है कई जगह निर्माण अंतिम चरण मे रोक दिया गया है जबकि ऐसे भवन निर्माण हो चुके है जहां फिनिसिंग कार्य ही बांकि है ऐसे भवनो को तत्काल निर्माण पूर्ण करावाकर इसका लाभ बच्चो को दिलवाया जाना चाहिए।

### नंगे पैर स्कूल पहुंच रहे बच्चे

आंगनबाड़ी केन्द्रों में 6 वर्ष तक के बच्चे पहुंचते है लेकिन अधिकांश बच्चों के पास आज भी चप्पल जुता नहीं है। 42 डिग्री तापमान तवा जैसे गर्म जमीन पर नंगे पैर छोटे -छोटे मासूम बच्चे आंगनबाड़ी पहुंच रहे हैं और आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी पंखा कूलर नहीं होने के कारण बच्चो को गर्मी में उबलना पड़ रहा है। इस संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ से चर्चा करने पर बताया कि कई बार आंगनबाड़ी केन्द्रो में बिजली लगाने की मांग और पंखा की मांग कर थक चुके है एक तरफ शासन प्रशासन को बच्चो का दर्द दिखाई नही दे रहा है तो दूसरी ओर समाज सेवी संगठनों के लोगो को भी बच्चो का यह दर्द महसूस नही हो रहा है।

# बस्तर की बहुमूल्य खदानों को मित्रों को सौंप रही डबल इंजन की सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, विष्णुदेव साय की सरकार ने छत्तीसगढ़ को एक बार फिर कॉरपोरेट घरानों का चारागाह बना दिया है। बस्तर की चार बड़ी लौह अयस्क खदानें निजी पूंजीपतियों को दी गई हैं। इसमें से 2 खदानें बैलाडीला 1ए और बैलाडीला 1बी खदान आर्सेलर मित्तल को 50 साल के लिए लीज पर दे दिया। बैलाडीला 1सी खदान रूंगटा स्टील को 50 सालों के लिए दी गई। कांकेर जिले का हाहालादी खदान सागर स्टोन को 50 साल के लिए दे दिया गया है। यह शुरुआत है, इसके बाद बस्तर की सभी बहुमूल्य खनिज संपदा को अडानी को सौंपने की तैयारी की जा रही है। अडानी के लिए बस्तर में रेड कारपेट बिछाया जा रहा है।

■ बस्तर के संसाधनों की बंदरबांट के खिलाफ शीघ्र ही बड़ा जन आंदोलन चलायेगी कांग्रेस : बैज

उन्होंने कहा, भाजपा सरकार बस्तर में खनन आधारित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम स्थापित करने के बजाय बहुमूल्य खनिज संसाधन औने-पौने दाम पर पूंजीपतियों को लुटा रही है। विगत दिनों केंद्रीय इस्पात मंत्री छत्तीसगढ़ आए थे, तमाम विरोध के बावजूद भारत सरकार का सरकारी उपक्रम फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड भिलाई स्थित यूनिट को मात्र 320 करोड़ में बेच दिया, जो कभी घाटे में नहीं रही, बल्कि लगभग 100 करोड़ प्रति वर्ष का मुनाफा कमा रहा थी। उन्होंने कहा, रमन सिंह की सरकार बस्तर के नागराज पर्वत मोदी के मित्र अदानी को बेचा गया।

### बस्तर के संसाधनों पर नजर

*ग्रामसभा की फर्जी एनओसी लगाई गई, पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने जांच के बाद आवंटन रद्द करने का प्रस्ताव केंद्र की मोदी सरकार को भेजा, लेकिन वह भी आज तक लंबित है। उन्होंने कहा, भाजपा की सरकार की बुरी नजर केवल बस्तर के संसाधनों पर है। कांग्रेस पार्टी बस्तर के संसाधनों की बंदरबांट के खिलाफ शीघ्र ही बड़ा जन आंदोलन चलायेगी।*

# चौधरी ने कहा- भूपेश हीनता बोध से ग्रस्त, पाक पर भारत की जीत को नहीं पचा पा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पर हल्की बयानबाजी यह बताती है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हीनता बोध से ग्रस्त हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा, पाकिस्तान के विरुद्ध भारत की जीत को भूपेश बघेल नहीं पचा पा रहे हैं।

श्री चौधरी, ने आयोजन शब्द को लेकर कहा कि 'नागरी प्रचारिणी सभा' के शब्दकोष में 'आयोजन' का अर्थ है किसी कार्य या गतिविधि को सुनियोजित और व्यवस्थित ढंग से करने की प्रक्रिया। इसमें योजना बनाना, संसाधनों का प्रबंधन और कार्य को निर्धारित समय पर पूरा करना शामिल है।



### जनता ने दिया जवाब

श्री चौधरी ने आगे लिखा कि क्या कांग्रेस नेता यह कहना चाहते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत चला अभियान सुनियोजित नहीं था या अव्यवस्थित था? या सेना ने योजना सही नहीं बनाई थी, संसाधनों का प्रबंधन सेना ने सही नहीं किया? कभी सर्जिकल स्ट्राइक का इसी तरह मजाक बनाते हुए भूपेशजी ने यह कहा था कि 'वहां केवल कौए मरे हैं।' जनता ने उस भद्दे मजाक का माकूल जवाब भी दे दिया उन्हें। हमारे सैनिकों के शौर्य पर सवाल खड़ा करते रहने की परिपाटी बंद होनी चाहिए। यह राजनीति का विषय नहीं है।

# बायो-सीएनजी संयंत्रों को भूमि आबंटन करने कलेक्टरों को पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**सार्वजनिक उपक्रमों, तेल और गैस विपणन कंपनियों को रियायती दर पर दी जाएगी जमीन**

राज्य शासन ने जैव अपशिष्ट और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए नगरीय निकायों में स्थापित किये जाने वाले बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए भूमि आबंटन के लिए सभी जिलों के कलेक्टरों को परिपत्र जारी किया है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी परिपत्र में कैबिनेट के निर्णय के परिपालन में राज्य के सभी नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट-सह-कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए रियायती लीज दरों पर शासकीय भूमि का आबंटन किया जाना है। बायो-सीएनजी संयंत्रों की स्थापना के लिए आवश्यक कार्यवाही के लिए नगरीय प्रशासन विभाग और संबंधित नगरीय निकाय को अधिकृत किया गया है। राज्य शासन ने नगरीय निकायों में जैव और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं शासकीय तेल और गैस विपणन कंपनियों को बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए अधिकतम दस एकड़ शासकीय भूमि का आबंटन रियायती लीज दर एक रुपए प्रति वर्गमीटर से करने के लिए कलेक्टरों को निर्देशित किया है।

### 25 वर्षों की लीज पर भूमि देने करें कार्यवाही

विभाग ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं शासकीय तेल और गैस विपणन कंपनियों को अधिकतम 25 वर्षों की लीज पर भूमि आबंटित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# देश के व्यापारी नेता तुर्की और अजरबैजान से व्यापार बॉयकॉट का आज लेंगे निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देशभर के व्यापारिक नेता शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित कैट के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेंगे। इस मौके पर व्यापारी नेता तुर्की और अजरबैजान से व्यापार बायकाट पर निर्णय लेंगे।

कैट केराष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानन्द जैन ने बताया कि कैट ने 16 मई को नई दिल्ली में देश के विभिन्न राज्यों के प्रमुख व्यापारी नेताओं की एक राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस बुलाई है। इसमें पाकिस्तान का समर्थन करने के कारण तुर्की एवं अजरबैजान के साथ व्यापारियों द्वारा सभी वस्तुओं का आयात-निर्यात व्यापार बंद किए जाने पर निर्णय लिया जाएगा।

कैट का कहना है कि जो भी देश भारत के खिलाफ है, उसके साथ व्यापार करने का कोई सवाल ही नहीं है और देश के व्यापारियों द्वारा अपनी देशभक्ति को प्रदर्शित करने का यही समय है। सम्मेलन में भारत की सेनाओं के शौर्य एवं पराक्रम के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए देशभर में तिरंगा यात्रा का आयोजन एवं ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा भारत के व्यापार की हड़पने के खिलाफ भी बड़े निर्णय लिए जाएंगे। इसी कड़ी में गुरुवार को राजधानी स्थित कैट के प्रदेश कार्यालय में कैट एवं छत्तीसगढ़ ट्रेवल्स ट्रेड एसोसियेशन के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने की। बैठक में छत्तीसगढ़ ट्रेव्ल्स ट्रेड एसोसियेशन के अध्यक्ष और महामंत्री उपस्थित रहे। सीजीटीटीए ने कहा कि हम तुर्की और अज़रबेजान की यात्रायों की बुकिंग नहीं करेंगे तथा इन दोनों देशों से व्यापार पर प्रतिबंध में हम कैट का पूर्ण समर्थन करते हैं।




■ कैट के अभियान को छत्तीसगढ़ ट्रैवल्स ट्रेड एसोसिएशन का पूर्ण समर्थन

## छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए है फायदे की खेती, सभी जलवायु क्षेत्र में रहता है जीवित

**इसे सिंचित व असिंचित क्षेत्रों में भी लगाया जा सकता है**

# वेटिवर फार्मिंग टेक्नोलॉजी पर कार्यशाला, इसकी जड़ से निकलता है तेल, कीमत 15 से 20 हजार रुपए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा गुरुवार को बोर्ड कार्यालय के सभाकक्ष में एक दिवसीय वेटिवर फार्मिंग टेक्नोलॉजी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम की अध्यक्षता में बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएसीएस शामिल हुए। कार्यशाला में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनूप कालरा, रिटायर्ड साइंटिस्ट, सी-मैप लखनऊ व डॉ. वी. सुन्देशरन, साइंटिस्ट, सी-मैप, बेंगलुरु ने इसके कृषिकरण व इकोनॉमिक लाभ के बारे में विस्तृत व महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। खास बात ये है कि इस पौधे की जड़ों से तेल निकला जाता है। बाजार में इसकी कीमत 15 से 20 हजार रुपए लीटर होती है। इसकी खेती छत्तीसगढ़ की जलवायु और यहां के किसानों के लिए काफी अनुकूल है।



### तेल की कीमत 15 से 20 हजार रुपए लीटर

*डॉ. वी. सुन्देशरन, साइंटिस्ट, सी-मैप, बेंगलुरु ने अपने प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि वेटिवर की जड़ बारीक संरचना वाली होने के कारण बहुत मजबूत होती है। यह पहले वर्ष 1 से 4 मीटर गहराई तक बढ़ सकती है। वेटिवर न तो स्टोलन होते है ना ही प्रकंद। इन विशेषताओं के कारण वेटिवर पौधा अत्यधिक सूखा को भी सहन कर सकता है, जो भू-जल संरचना को बनाएं रखने में सहयोग करता है। वेटिवर की तेल में मुख्य रूप से वेटिवेरोल तत्व पाया जाता है। सूखा जड़ का आश्वन के लिए 48 से 78 घंटे लगते हैं। वर्तमान समय में वेटिवर तेल का मूल्य 15 से 20 हजार रुपए प्रति लीटर है।*

### क्या है वेटिवर प्लांट

डॉ. अनूप कालरा, रिटायर्ड साइंटिस्ट, सी-मैप लखनऊ द्वारा अपने प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि वेटिवर एक ऐसा प्लांट है, जो सभी जलवायु क्षेत्र में जीवित रहता है तथा वेटिवर में भूजल पुनर्भरण की अदभुत क्षमता होती है साथ ही वर्षा जल के साथ मिट्टी को पकड़ कर रखती है, जिससे मिट्टी की पोषक तत्व का बहाव कम होता है। परंपरागत रूप से खस घास का उपयोग खेतों व नदी के किनारे किया जाता था लेकिन अब कटाव नियंत्रण की प्राकृतिक विधि के रूप में इसके लाभ पर और अधिक ध्यान दिया जा रहा है। यह घास सूखा प्रतिरोधी, कीट प्रतिरोधी व जल प्रतिरोधी भी है, जो जलवायु परिवर्तन से होने वाले हानि को कम करने में अपनी भूमिका निभाता है। वेटिवर की वर्तमान समय में बहुत से ऐसी किस्में तैयार की गई है, जिससे 10-12 माह में फसल तैयार किया जा रहा है। वेटिवर की 01 एकड़ में 1.5 टन सूखा जड़ प्राप्त होता है। सूखे जड़ के 100 कि.ग्रा. जड़ से 1.5 कि.ग्रा. तेल प्राप्त होता है।

### किसानों को इससे होगा बड़ा फायदा- राव

छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के सीईओ जेएसीएस राव ने कार्यशाल में बताया कि इस खेती से छत्तीसगढ़ के किसानों के किस तरह फायदा होगा। छत्तीसगढ़ राज्य में वेटिवर रोपण से स्थानीय किसान व ग्रामीण क्षेत्रों के समुदायों को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा, क्योंकि इनका रोपण अत्यधिक सरल होने के साथ-साथ इनके जड़ों से प्राप्त होने वाला तेल की बाजार मांग व मूल्य अत्यधिक है। पौधा अत्यधिक ही सहनशील होने के कारण यह कम पानी वाले क्षेत्रों में भी आसानी से उग सकता है। इसे सिंचित व असिंचित क्षेत्रों में भी लगाया जा सकता है। इसका सिंथेटिक मोलिक्यूल नहीं होता इसी कारण इसके तेल का उपयोग प्राकृतिक रूप से ही किया जाता है तथा इसलिए इसकी खेती जरूरी है। यह खेती अत्यंत ही सरल व कम देखभाल वाली होती है, इसमें किसी भी प्रकार के उर्वरक एवं खाद की आवश्यकता नहीं होती है। वेटिवर तेल की बाजार मांग एवं मूल्य अधिक है। वेटिवर की अगरबत्ती व ईत्र तथा उद्योगों में मांग अधिक है। औद्योगिक उपयोग में इसके तेल को खस तेल के नाम से जाना जाता है जिसका उपयोग साबुन, औषधि निर्माण व सौंदर्य प्रसाधनों एवं एरोमा उद्योगों में भी किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर रायपुर में तिरंगा यात्रा

**महासमुंद।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान को धूल चटाई और पहलगाम आतंकी हमले का बदला लिया। सेना की इस सफलता पर छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बीजेपी ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस यात्रा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित कई मंत्री, विधायक और भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू मौजूद रहे।

### प्रतिभावान छात्रों का किया गया सम्मान

**महासमुंद।** बोर्ड परीक्षा परिणाम हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी में अव्वल प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। द न्यू होली फेथ स्कूल में बोर्ड परीक्षा हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी में अर्जित उच्चतम अंक छात्राएं यास्मीन यादव 95 प्रतिशत एवं ऋषिका जैन ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया।

### एचएसआरपी आवेदन के लिए शिविर 20-21 मई को बागबाहरा में

**महासमुंद।** केंद्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 एवं केंद्रीय मोटरयान नियम 1989, साथ ही सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 06 दिसंबर 2018 को जारी अधिसूचना तथा उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में छत्तीसगढ़ राज्य में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत प्रत्येक मोटर वाहन पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य में यह कार्य परिवहन विभाग द्वारा अधिकृत एजेंसी मेसर्स रियल मेजन इंडिया लिमिटेड और रोसमेर्टा सेफ्टी सिस्टम लिमिटेड के माध्यम से किया जा रहा है, जो राज्य के सभी परिवहन कार्यालयों में एचएस आरपी लगाने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में, कलेक्टर के निर्देश पर जिले में आमजन को जागरूक करने एवं सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से जिला परिवहन अधिकारी महासमुंद द्वारा 13 से 15 मई 2025 तक कलेक्टोरेट परिसर में तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 281 वाहन स्वामियों ने ऑनलाइन आवेदन कर एचएसआरपी हेतु प्रक्रिया पूर्ण की। एचएसआरपी कार्य में निरंतरता एवं जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए अगला शिविर जनपद पंचायत कार्यालय, बागबाहरा में आयोजित किया जाएगा। यह दो दिवसीय शिविर 20 एवं 21 मई 2025 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक संचालित होगा। इच्छुक वाहन स्वामी इस शिविर में उपस्थित होकर ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। जिला परिवहन अधिकारी ने सभी वाहन मालिकों से आग्रह किया है कि वे समय पर अपने वाहन पर एचएसआरपी लगवाकर नियमों का पालन करें एवं कानूनी कार्रवाई से बचें।

### प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** शासकीय महिला शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय, पेंड्रा (जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही) में शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए बीपीएड एवं डीपीएड द्विवर्षीय पाठ्यक्रमों में विभागीय कोटे के अंतर्गत प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रवेश छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के अधीन शासकीय स्कूलों में कार्यरत नियमित सहायक शिक्षक, सहायक शिक्षक (एलबी) तथा सहायक शिक्षक पंचायत के लिए निर्धारित है। डीपीएड (द्विवर्षीय) अंतर्गत पुरुष के 10 एवं महिला के 05 सीट तथा बीपीएड (द्विवर्षीय) अंतर्गत पुरुष के 05 एवं महिला के 05 सीट विभागीय हेतु उपलब्ध है। डीपीएड पाठ्यक्रम हेतु आवेदक को हायर सेकंडरी परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। बीपीएड पाठ्यक्रम हेतु आवेदक को स्नातक में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ डीपीएड उत्तीर्ण होना आवश्यक है। सभी आवेदकों को एनसीटीई द्वारा निर्धारित अर्हताओं को भी पूर्ण करना अनिवार्य होगा। 01 जुलाई 2025 की स्थिति में आवेदक की न्यूनतम सेवाकाल अवधि 3 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। विभागीय इच्छुक आवेदक अपना आवेदन पत्र संबंधित विखं शिक्षा अधिकारी से प्राप्त कर पूर्ण रूप से कार्यालय में जमा करें।

# काम में लापरवाही पर 23 पंचायत सचिवों और सहायक कर्मियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत कार्यों को पूर्ण कराने कलेक्टर श्री बीएस उइके जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालयों में जाकर मैदानी अमलों की लगातार बैठक ले रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को देवभोग विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक एवं आवास मित्रों की बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में पीएम आवास की कम प्रगति एवं कार्य अपूर्णता पर गहरी नाराजगी जताते हुए कुल 23 ग्राम पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक एवं आवास मित्र को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इनमें ग्राम पंचायत बरकानी, डुमरगुड़ा, कदलीमुड़ा, सुपेबेड़ा, नवागांव, सितलीजोर, सुकलीभाठा पुराना के ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम बरकानी, डुमरगुड़ा, कदलीमुड़ा, सुपेबेड़ा, सितलीजोर, सुकलीभाठा पुराना के आवास मित्र एवं बरकानी, डुमरगुड़ा, कदलीमुड़ा, नवागांव, सितलीजोर, सुकलीभाठा पुराना के रोजगार सहायक शामिल है। इसी प्रकार तकनीकी सहायक उपासना ध्रुव, कुरेन्द्र बघेल, देहुती अलेन्द्र एवं शिवकुमार नारंगे को नोटिस देने के निर्देश दिये गए।

## कलेक्टर ने देवभोग ब्लॉक के पीएम आवास योजना की समीक्षा की

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री आवासा योजना केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण एवं फ्लैगशिप योजना है। इसके तहत पात्र लोगों को आवास की सुविधा प्रदान की जा रही है। इस योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता पाये जाने पर संबंधितों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।उन्होंने पंचायत वार स्वीकृत कार्यों, प्रगतिरत, हितग्राहियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त आबंटन एवं अप्रारंभ कार्यों की जानकारी लेकर अप्रारंभ कार्यों को जल्द शुरू करने और जारी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम तुलसीदास मरकाम सहित तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



### वसूली की शिकायत पर होगी कड़ी कार्रवाई

उल्लेखनीय है कि देवभोग ब्लॉक अंतर्गत कुल 6 हजार 723 आवास वर्ष 2024-25 अंतर्गत स्वीकृत किये गये है। इनमें से 1 हजार 528 आवास पूर्ण हो चुके है, शेष प्रगतिरत है। कलेक्टर ने पीएम आवास योजना अंतर्गत धीमी प्रगति वाले पंचायतों के अधिकारी कर्मचारियों को सक्रिय होकर प्राथमिकता में कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यों का जिओ टैगिंग भी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पीएम आवास योजना अंतर्गत सर्वे, जिओ टैगिंग, इंस्टॉलमेंट के नाम से अवैध वसूली की शिकायत नहीं आनी चाहिए। इस संबध में शिकायत पाये जाने पर संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित करने कोई लापरवाही न बरते। सर्व संबंधित सक्रियता एवं गंभीरतापूर्वक कार्य करते हुए लोगों को योजना से लाभान्वित कराए।

शिविर : ग्रामीणों से रूबरू हुए कलेक्टर, समस्याओं का त्वरित समाधान देने अधिकारियों को दिए निर्देश

# अन्नप्राशन, गोदभराई सहित विद्यार्थियों का सम्मान, ग्रामीणों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/मैनपुर

सुशासन तिहार के तहत जनपद पंचायत देवभोग के ग्राम पंचायत धौराकोट में शुक्रवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कलेक्टर बीएस उइके और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप कलस्टर में जुड़े गांवों की समस्याओं का समाधान शिविर के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

कलेक्टर ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं तन्मयता से सुनीं और उपस्थित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को स्टाल का अवलोकन कर शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

समाधान शिविर में जनपद अध्यक्ष पद्मलया निधि, जनपद उपाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य नेहा



सिंघल, देशबंधु नायक, धौराकोट के सरपंच शोभाराम नायक, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, गोवर्धन मांझी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, धौराकोट कलस्टर में सुशासन तिहार के दौरान कुल 3,670 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 3,667 आवेदन विभिन्न मांगों से संबंधित थे, वहीं तीन आवेदन शिकायतों के थे, जिनका अधिकारियों ने गंभीरतापूर्वक निराकरण किया।



### दिव्यांगजनों को दी गई ट्राइसाइकिल

शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दो बच्चों का अन्नप्राशन और तीन गर्भवती माताओं की गोदभराई की रस्म भी पूरी की गई। साथ ही हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा में सर्वोच्च अंक लाने वाले विद्यार्थियों को शील्ड और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समाज कल्याण विभाग ने दो दिव्यांगजनों को ट्राइसायकल प्रदान किए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड और अन्य सामग्री वितरित की गई। शिविर में धौराकोट सहित 12 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान कर पात्र हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं का लाभ दिया गया।

### मांगें और शिकायतें दर्ज कराईं

ग्राम पंचायत बरबहाली, नवागांव, चिचिया, माहुलकोट, मोखागुड़ा, कदलीमुड़ा, गाड़ाघाट, डुमरपीटा, धौराकोट, सिलतीजोर, फलसापारा और भतराबहली के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में शिविर में भाग लेकर अपनी मांगें और शिकायतें दर्ज कराईं। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन कर ग्रामीणों ने योजनाओं की जानकारी ली। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने रक्त परीक्षण, ब्लड प्रेशर और मधुमेह की जांच कराई। स्वास्थ्य जांच के उपरांत आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए दवाइयां दी गईं। इस दौरान ग्रामीणों ने आधार कार्ड बनवाया और आधार अपडेट भी कराया।

# समाधान शिविर में 145 हितग्राहियों को प्रदान किया गया पेंशन स्वीकृति पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत 145 पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति पत्र एवं ट्राइसाइकिल प्रदान किया गया। ग्राम पंचायत गोड़बहाल में आयोजित समाधान शिविर में कुल 16 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, ग्राम गड़बेड़ा के दिव्यांग मनीराम मधुकर को ट्राइसाइकिल वितरित की गई, जिससे उनकी जीवनयात्रा आसान होगी। श्री मधुकर ने इसके लिए शासन एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है। विकासखंड बागबाहरा के ग्राम पंचायत देवरी में आयोजित शिविर में 127 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। वहीं महासमुंद के लोहिया चौक, वार्ड नंबर 20 में आयोजित शिविर में विजय कुमार ठाकुर एवं भोजबाई ठाकुर को पेंशन स्वीकृति पत्र दिया गया। यह पहल शासन की कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है, जरूरतमंद नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल रहा है।

# समस्याओं के समाधान के लिए परसदाजोशी में लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

छतीसगढ़ कैसे खुशहाल बने? छत्तीसगढ के लोगों की समस्या का कैसे निदान हो एवं गांव- गांव में ग्रामीणों की क्या–क्या मांगे है? आदि बातों का चिंतन करते हुए प्रदेश के साय सरकार ने विकासखंड एवं नगरी निकाय के तहत सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत जिले में समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में लोगों की मांग एवं समस्याओं से संबंधित आवेदनों का निराकरण भी किया जा रहा है।

- हितग्राहियों को ट्राई सायकल व श्रवण यंत्र से किया गया लाभान्वित

इसी कड़ी में विकासखण्ड फिंगेश्वर के ग्राम परसदाजोशी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके साथ ही सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति से अवगत कराया गया। शिविर में कृषि विभाग द्वारा 8 किसानों को धान बीज, 3 किसानों को नये किसान क्रेडिट कार्ड, 07 हितग्राहियों को किसान किताब, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, समाज कल्याण विभाग द्वारा 3 हितग्राहियों को मोटराईज्ड ट्रायसाइकल, 4 दिव्यांग को श्रवण यंत्र का वितरण किया गया। इसी तरह महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 7 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व 5 बच्चों का अन्नप्राशन किया गया।





शिविर में कलेक्टर बीएस उइके, अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम विशाल महाराणा, जिला पंचायत सभापति नंदिनी ढीढी, जनपद पंचायत फिंगेश्वर के उपाध्यक्ष सतीश यादव, जनपद सभापति दिलीप साहू, वरिष्ठ नागरिक ईश्वर साहू, रिकेश साहू, कोमल ढीढी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक एवं विकासखंड के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# दस वर्षों में भी नहीं पहुंचा पानी पीएचई विभाग फेल : सिंघल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

धोराकोट में शुक्रवार को आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या समाधान शिविर में उस समय माहौल गरमा गया, जब भाजपा नेत्री एवं जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल ने क्षेत्र में पेयजल की गंभीर समस्या को लेकर पीएचई विभाग के अधिकारियों पर निशाना साधा।

- जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंघल ने जल जीवन मिशन को लेकर जमकर भड़की

नेहा सिंघल ने अपने भाषण में कहा की "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नल-जल योजना का कार्यक्रम तो चल रहा है, लेकिन धरातल पर इसका क्रियान्वयन शून्य है।

नल तो लगा है लेकिन कहीं पर टोटी नहीं लगा है, कहीं पर पानी नहीं आ रहा है,गाँव–गाँव में लोग हमें गालियां दे रहे हैं, हम शर्मिंदा हो रहे हैं। आप लोग सिर्फ वादे करते हैं, लेकिन वास्तविकता में कुछ नहीं हो रहा लेकिन शर्म हमें आ रही है। श्रीमती सिंघल के इस तीखे तेवर के बाद वहां मौजूद जनता में उत्साह की लहर दौड़ गई। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच पीएचई विभाग के एसडीओ जागेश मरकाम ने मंच संभाला। उन्होंने कहा, पानी के स्त्रोत नीचे चले जाने के कारण जलापूर्ति में दिक्कतें आ रही हैं। हम 93 गाँव में से 19 गाँव का प्रमाणीकरण कर चुके हैं। बाकी गाँवों में काम प्रगति पर है।



### जांच कमेटी गठित करने की घोषणा

एसडीओ के इस जवाब पर नेहा सिंघल ने फिर सवाल दागा अगर 2014 से यह योजना शुरू हुई है, तो अब तक पूरा क्यों नहीं हुआ? रोड खुदाई के बाद नल के पाइपलाइन का काम क्यों अधूरा छोड़ दिया गया? बीच सड़क में पानी बहने के कारण गंदगी हर गांव में देखने को मिलता है। ठेकेदार कौन है और उसेके खिलाफ अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई नल चल नहीं और इधर 20000 का बिजली बिल भी आ गया कैसे ? उनके इस सवाल पर जनता का उत्साह और बढ़ गया। लोग मंच के पास आकर पीएचई विभाग के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। स्थिति को संभालने के लिए अधिकारियों और पुलिस को बीच-बचाव करना पड़ा। कलेक्टर ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए एसडीएम स्तर की जांच कमेटी गठित करने की घोषणा करने के बाद , मंच के सामने खड़े लोग थोड़ा शांत नजर आए।

श्रद्धालुओं के बीच छप्पन भोग प्रसाद का वितरण किया गया

# श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं व रुक्मणि विवाह सुन श्रोता हुए भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांडुका

ग्राम रजनकटा में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं व रुक्मणि विवाह सहित अन्य प्रसंग सुनाया, जिसको सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इस दौरान श्रोताओं की भारी भीड़ कथा स्थल पर उमड़ रही. उपस्थित श्रद्धालुओं ने कथा के बीच में राधे- राधे का जयघोष लगाया, जिससे सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। गुरुवार को कथावाचक पंडित ऋषिकेश तिवारी जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। आज के प्रषंग में कथावाचक में यशोदा मां के साथ बालपन की शरारतें, श्रीकृष्ण का गो प्रेम, माखन चोरी, गोकुल में नंदलाल उत्सव समेत कई प्रसंगों का कथा के दौरान वर्णन किया। वही कथा में भगवान श्री कृष्ण-रुक्मणी के विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।



भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी का वेश धारण कर बाल कलाकारों ने नाट्य की प्रस्तुत दी एवं खूब झूम झूम कर नाचे श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया व विवाह के मंगल गीत के साथ नृत्य भी प्रस्तुत किये। आरती के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच छप्पन भोग प्रसाद का वितरण किया गया। कथा के सफल आयोजन में यादव परिवार व समस्त ग्रामवासियो की सहयोग से भागवत कथा अति उत्साह पूर्ण रहा। प्रतिदिन भागवत कथा का सीधा प्रसारण pk chhat-tisgariya यूट्यूब चैनल के माध्यम से देख सकते हैं... इस कार्यक्रम का आयोजन अपने माता स्व. रामकुंवर बाई यादव के बरसी श्राद्ध में उनके पुत्र खेमलाल यादव एवं वेदप्रकाश यादव, लक्ष्मी कांत यादव एवं यादव परिवार द्वारा किया जा रहा है।

## पेज 9के शेष...

### प्रीटर्म डिलीवरी में...

मौके पर डॉक्टर लक्ष्मी जांगड़े, नोडल सीकेडी डॉ. सुनील रेड्डी और अस्पताल सलाहकार शंकर पटेल भी उपस्थित रहे। सीएमएचओ ने कहा कि अस्पताल में समय-समय पर औचक निरीक्षण जारी रहेगा और लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### कुडेरादादर स्कूल की...

योजना में जोड़ने के लिए पिछले वर्ष शाला प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत, पालकगण एवं ग्रामवासी द्वारा अनेकों बार पत्र चार के माध्यम से कलेक्टर के जन चौपाल कार्यक्रम, जिला शिक्षा अधिकारी, बीईओ, बीआरसी छुरा को अवगत कराया गया। किंतु अधिकारी की उदासीनता के चलते आज तक जर्जर भवन का सुध लेने वाला कोई नहीं आया।

### 56 किलो गांजा...

गणेश नायक (निवासी भलीहाजोर, थाना आमपानी, जिला कालाहांडी) और बलभद्र नायक (निवासी बड़पोडागुड़ा, थाना आमपानी, जिला कालाहांडी) बताया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट की धारा 20 (ख) (iii) (C) के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी फिंगेश्वर जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/Q/ तह./ रीडर/2025

फिंगेश्वर,दिनांक 08.05.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवनारायण पिता ओमप्रकाश जाति केंवट निवासी परसदाकला प.ह.नं. 10 रा.नि.मं. फिंगेश्वर तहसील फिंगेश्वर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) ने इस न्यायालय में आवेदन पेश कर अपने दादी मैना निषाद पिता/पति सधवा निषाद की मृत्यु दिनांक 14.02.2014 को ग्राम परसदाकला में हुआ है। जिसकी जन्म/ मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया है। जिसका नियत तिथि 29.05.2025 को विचार किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 29.05.2025 तक उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 08.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के शील मोहर से जारी किया गया।

मुहर

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी फिंगेश्वर जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### प्रज्ञा को 5वीं में मिला 90 प्रतिशत अंक

**राजिम।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल राजिम के कक्षा पांचवी की छात्रा कुमारी प्रज्ञा पाठक 90% अंक लेकर परीक्षा पास की है।



छात्रा प्रज्ञा कौंदकेरा के अंजु-तामेश्वर पाठक की पुत्री है। छात्रा को स्कूल स्टाफ एवं ग्रामीणो ने बधाई दी है।

### गेंदु यादव बने अध्यक्ष

**मैनपुर।** सर्व यादव समाज युवा प्रकोष्ठ गरियाबंद जिला का कार्यकारणी अध्यक्ष गेंदु यादव को नियुक्त किया गया है। मैनपुर निवास गेंदु यादव को सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु द्वारा उनके समाज के प्रति उल्लेखनीय कार्य को देखते हुए सर्व यादव समाज जिला गरियाबंद का कार्यकारणी जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ नियुक्त किया गया है। गेंदु यादव ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु के प्रति अभार व्यक्त किया है। उन्होंने समाज हित में कार्य करने की बात कहीं हैं। गेंदु यादव के जिला अध्यक्ष बनने पर यादव समाज के लोगो ने उन्हे बधाई दी है।



### बिजली कटौती को लेकर इंद्रजीत ने सौंपा ज्ञापन

**कोपरा।** क्षेत्र में लगातार हो रही विद्युत आपूर्ति व कटौती को लेकर लोगों में काफी आक्रोश है। बिना सूचना दिए बिजली विभाग के द्वारा कभी भी किसी भी समय में बिजली बंद कर दिया जा रहा है जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है गर्मी में लोगों को पंखे कूलर की अति आवश्यक है ऐसे में बिजली का ना होना बहुत बड़ी मुसीबत बनी हुई है जिसको संज्ञान में लेते हुए जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने विद्युत विभाग इंजीनियर को लिखित सूचना दिया है के सप्ताह दिन के अंदर जो भी समस्याएं हैं उनको दूर करें और प्रतिदिन विद्युत की पूर्ति किया जाए अन्यथा आक्रोश लोगों के साथ बिजली विभाग कार्यालय का घेराव किया जाएगा और उग्र आंदोलन की जाएगी।




### रामकुमार मेहर को दी गई भावभीनी विदाई

**महासमुंद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एडीआर भवन के सभाकक्ष में सह स्टाफ एवं अधिकार मित्रों द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के प्रबंध कार्यालय के अधिकार मित्र हरिचंद ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहायक ग्रेड दो पर पदस्थ रामकुमार मेहर को उनके स्थानातांरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला धमतरी होने पर कार्यालय स्टाफ अथवा विभिन्न आरक्षी केंद्रों में पदस्थ अधिकार मित्रों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। विदित हो कि राम कुमार मेहर जनवरी वर्ष 2015 में जशपुर से स्थानांतरित होकर महासमुंद आए थे। कार्य कुशलता एवं अनुभवी होने के नाते उनके द्वारा कुशल कार्यालयीन कार्यो का भलीभांति संपादन कर समय-समय पर अधीनस्थ सहकर्मी कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते हुए अनुकरणीय कार्य किए है।

## निधन

### मोहन सिंह

**छुईहा बेलर।** मोहन सिंह ध्रुव उर्फ दादू राम ध्रुव उम्र 79 वर्ष निवास ग्राम जमाही का निधन शुक्रवार को वर्तमान निवास रायपुर में हो गया। जिनका पैत्रिक निज निवास ग्राम जमाही से शवयात्रा निकाला गया और मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जायेगा। मृतक मोहन सिंह ध्रुव आबकारी विभाग, रायपुर में हवलदार के पद पर सेवारत से सेवानिवृत्त हुए थे। वह पुलिस सहा उपनिरीक्षक यशोदा ध्रुव, वाणिज्य कर विभाग अधिकारी चेतना ध्रव के पिता एंव जनसम्पर्क विभाग कर्मी लोकेश ध्रव के चाचा थे।



---

**मांग : रेत माफियाओं के बेलगाम होने से शहर अशांत, खतरों से लोग भयभीत**

# सुबह 6 से रात 10 बजे तक शहर में रेत भरी हाईवा परिचालन पूर्ण रूप से हो प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

कुरूद और राजिम क्षेत्र के रेत माफियाओं के बेलगाम होने से नवापारा शहर न केवल अशांत हो गया है बल्कि संभावित खतरो से लोग भयभीत है। सत्तारूढ़ दल भाजपा और विपक्षी दल कांग्रेस के लोग इतने उत्तेजित है कि नगर पालिका के सामने मेन रोड में खनिज विभाग एक काम करो,चुल्लू भर पानी में डूब मरो, के नारे लगाते रहे। शनिवार और गुरूवार का माहोल इतना खतरनाक था कि कानून व्यवस्था की स्थिति भी निर्मित हो रही थी। सारे युवा शहर में एकजुट हो गए है। इनकी एक ही मांग है कि दिन में सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक किसी भी हालत में रेत भरी हाइवा शहर के बीच से बिल्कुल नहीं चलना चाहिए। शनिवार को गाड़ियों को रोका, माइनिंग और पुलिस को बुलाए, कार्रवाई कराया गया। फिर चार दिन बंद रहा। बता दें कि तीन दिन पहले बुधवार को राजधानी रायपुर में एक विशेष समीक्षा बैठक के दौरान राज्य के खनिज सचिव पी दयानंद ने दो टुक शब्दो में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के शिकायतों को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा सख्त रवैया अपनाया जाने की बात कही है। पी दयानंद ने यह भी कहा कि इस पर प्रभावी अंकुश लगाने के साथ अब चौतरफा घेराबंदी कर कार्रवाई होगी। बैठक में मौजूद खनिज सचिव श्री दयानंद प्रदेश के सभी कलेक्टरों और खनिज अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए दो टूक कह दिया है कि खनिज राजस्व की हानि रोकना शासन की प्राथमिकता है। इस मामले में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स के जरिए निरंतर निगरानी एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश उन्होंने दिया है।



### अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाए

*खनिज सचिव पी दयानंद ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिलेवार रेत से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा की बारिश से पहले निर्माण एवं विकास कार्यों के सुचारू संचालन और रेत की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि रेत के अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए खनिज सचिव ने यह भी निर्देश दिया है कि स्वीकृत खदानों के संचालन और पर्यावरणीय स्वीकृति में निर्धारित अनुमेय मात्रा के अनुरूप विधि सम्मत किया जाए। साथ ही खनिज राजस्व की समय पर वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह बात भी स्पष्ट रूप से कहा है कि स्वीकृत खदानों से ही रेत का खनन एवं परिवहन हो और किसी भी अवैध स्रोत से आपूर्ति के मामले में कड़ी कार्रवाई की जाए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया है। आगामी तीन माह में अधिकारिक रेत खदानों को चिन्हित कर ई नीलामी के माध्यम से आबंटन के लिए निविदा जारी की जाए। इसके साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक रेत की आपूर्ति केवल अधिकृत स्रोतों से सुनिश्चित की जाए।*

### जगह-जगह डंप किया जा रहा रेत

सामने बरसात है इसे मद्देनजर रखते हुए रेत माफियाओं ने अभी से ही जगह-जगह डंप करना शुरू कर दिया है। कहीं-कहीं यह रेत पहाड़ के समान डंप किए हुए नजर आ रहे हैं। बताना उचित होगा कि ज्यादातर रेत घाट की शिकायत कुरुद और राजिम क्षेत्र से सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि रेत माफिया पर्यावरण की अनदेखी कर रहे है प्रदेश में एक भी घाट के लिए चैन माऊंटेन मशीन से रेत उत्खनन के लिए स्वीकृत नही है बावजूद ये मशीने पैरी और महानदी में जगह-जगह देखी जा रही है। मतलब माफियाओं की दादागिरी खुलकर चल रही है। कुछेक घाट स्वीकृत है और अधिकांश चोरी छिपे चलाए जा रहे है जिसकी जानकारी रायपुर और गरियाबंद के माइनिंग अफसरो को है। रेत उत्खनन के पूरे काम में जिस विभाग के पास इसे रोकने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है उसी माइनिंग विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत जग जाहिर है।

### हाइवा वाहनों का दिन में प्रवेश पर जताया विरोध

नपा अध्यक्ष ओमकुमारी साहू एवं नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने शहर के बीच से रेत भरी हाइवा वाहनों का दिन में प्रवेश पर कड़ी आपत्ति की है। दोनों महिला नेत्रियों ने माइनिंग और पुलिस प्रशासन से सवाल किया है कि कल के लिए शहर में यदि कोई बड़ी घटना-दुर्घटना हो जाती है तो इसके जिम्मेदार कौन होंगे।

---

## निगम अध्यक्ष ने बायोफर्टिलाइजर संयंत्र का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर ने बीज निगम द्वारा छोटे उरला अभनपुर में संचालित बायोफर्टिलाइजर संयंत्र पहुंचकर संयंत्र द्वारा उत्पादित किए जाने वाले लिक्विड बायोफर्टिलाइजर के उत्पादन प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान बीज उपार्जन के लिए पंजीकृत आसपास ग्रामों के 100 से अधिक किसान भी उपस्थित थे। उन्होंने बीज की गुणवत्ता को लेकर किसानों व संयंत्र के अधिकारियों से चर्चा की। बायोफर्टिलाइजर प्लांट की कार्य प्रणाली के बारे में उन्होंने संयंत्र प्रभारी एवं सहायक सूक्ष्म जीव वैज्ञानिक से विस्तारपूर्वक चर्चा की। चंद्राकर भी एक किसान हैं, वे बायोफर्टिलाइजर के प्रयोग से फसलों के उत्पादन एवं गुणवत्ता में वृद्धि से पूर्णतः परिचित हैं। बायोफर्टिलाइजर के प्रयोग से कृषि के क्षेत्र में रासायनिक उर्वरकों पर से निर्भरता खत्म की जा सकती है, साथ ही रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभाव से भी बचा जा सकता है। इस दिशा में विशेष कार्य किये जाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए खुले बाजार में लिक्विड बायोफर्टिलाइजर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए विक्रय-व्यवस्था की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए।

---

## तर्रा गांव में 55 घरों में गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ का आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

समीपस्थ ग्राम तर्रा में 11 और 12 मई को गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। स्थानीय गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा गांव के 55 घरों में यज्ञ अनुष्ठान संपन्न कराया गया। शांति कुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रातः 9 बजे से संध्या तक यज्ञ का आयोजन हुआ।



इस दौरान गांव में अध्यात्मिक माहौल बना रहा। परिजनों ने घर-घर संपर्क कर यज्ञ का पंजीयन कराया और निर्धारित तिथि पर यज्ञ अनुष्ठान कराया। यजमानों में इतना उत्साह देखा गया कि कई घरों के लोगों ने स्वयं गायत्री परिजनों को बुलाकर यज्ञ सम्पन्न कराया। सरपंच के निवास सहित पूर्व जनपद सभापति के निवास पर भी यज्ञ संपन्न हुआ। कुल 55 घरों में गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ सम्पन्न होने से गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस कार्यक्रम में यशवंत साहू, रामनाथ साहू, गौरी माता, चम्पा देवी, गिरिजा साहू, लक्षु पटेल, किरण, गोपी साहू सहित गायत्री परिवार के सभी सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा। ग्रामीणों ने इस आयोजन को लेकर खुशी जाहिर करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की इच्छा जताई।

## नपा अध्यक्ष ने 50 महिलाओं को दंतेवाड़ा यात्रा के लिए रवाना किया



**राजिम।** महिला बाल विकास विभाग के तत्वावधान में महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों को दिशा दर्शन भ्रमण के तहत गरियाबंद जिला के विभिन्न ग्रामों से लगभग 50 महिलाओं को नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने दंतेवाड़ा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर एवं पार्षद गण भरत यादव, मंशा कुर्रे, आकाश राजपूत, सुरेश पटेल, अजय पटेल, बलराम यादव, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, कुलेश्वर साहू, उत्तम निषाद मौजूद थे। बता दें कि दो दिवसीय बस्तर दौरे में इन्हें सी मार्ट कोंडागांव, शिल्पग्राम कोंडागांव, बस शिल्पकार चित्रकूट, दंतेवाड़ा, गीदम आदि स्थलों का अवलोकन कराया जावेगा। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के मंशा अनुरूप महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वालंबी बनाने की दिशा में छत्तीसगढ़ और केंद्र की भाजपा सरकार काम कर रही है। साथ ही महिला स्व सहायता सहायता समूह की महिलाएं उद्यमियों से मिलकर उनके अनुभव को जानेंगे और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

## आईसीटी योजना अंतर्गत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ एवं कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर समग्र शिक्षा के पत्र आदेश तारतम्य में डीजी दुनिया आईसीटी योजना के तहत शिक्षक प्रशिक्षण स्थल शासकीय पीएम श्री हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नवापारा में दिनांक 16 मई से 24 मई 2025 तक कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

आईसीटी योजना अंतर्गत आईसीटी लैब एवं स्मार्ट क्लासरूम का उपयोग नियमित अध्ययन-अध्यापन किए जाने के लिए व शिक्षा में आधुनिक तकनीक का उपयोग कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में इन संसाधनों के सार्थक उपयोग को प्रभावी बनाने हेतु, इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है। प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर किशन सिंह ठाकुर द्वारा डिजिटल क्लासरूम को संचालित किए जाने की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराया गया। जैसे प्रोजेक्टर से लर्निंग मटेरियल एलएमएस(एमबीडी) के माध्यम से डिजिटल क्लास का उपयोग करना, टीचर्स शिक्षक आईडी का निर्माण करना, प्रोजेक्टर को चालू करने की प्रारंभिक विधि से लेकर अनेकों विषयों में प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में शिक्षकों के कौशल जानकारी के लिए प्री असेसमेंट एवम पोस्ट असेसमेंट परीक्षा भी ऑनलाइन ली जा रही है। इस प्रशिक्षण में अभनपुर ब्लॉक अंतर्गत प्रस्तावित समस्त शासकीय विद्यालय के शिक्षकों की प्रशिक्षण में उपस्थिति रही। इस कार्यशाला का समुचित व्यवस्था एवं नियमित मॉनिटरिंग प्रशिक्षण स्थल केंद्र प्राचार्य फाखरा खानम दानी एवं अशोक साहू द्वारा किया जा रहा है।



## गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित हुए तीनों भाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

छंदबद्ध वृहद हिंदी व्याकरण काव्य संग्रह में योगदान देने के लिए अंचल के तीन साहित्यकार लक्ष्मीनारायण सेन, नागेन्द्र सेन और ऋषि वल्लभ सेन खुटेरी निवासी तीनों भाईयों को एक साथ गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसमें बताया गया की लक्ष्मीनारायण सेन को तीसरी बार गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से नवाजा गया। विदित हो की छंदबद्ध वृहद हिंदी व्याकरण काव्य संग्रह अपने आप मे एक अनुपम काव्य संग्रह है जिसमें हिन्दी व्याकरण के सभी विधाओं को छंदबद्ध काव्य के रूप में प्रस्तुत किया गया है।यह काव्य संग्रह अपने आप मे पूरे विश्व में अद्वितीय है।इस काव्य संकलन में पूरे भारतवर्ष के अलग-अलग राज्यों के एक सौ ग्यारह साहित्यकारों ने भाग लिया है। छंदबद्ध वृहद हिंदी व्याकरण ग्रन्थ का संपादन हमारे छत्तीसगढ के सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ इंद्राणी /"सांची/" डॉ पदमा साहू और डॉ निरामणी श्रीवास नियति ने किया। इस पुस्तक का विमोचन और सम्मान समारोह का आयोजन सुप्रसिद्ध साहित्यकार पीसी लाल यादव के मुख्य अतिथिय और राष्ट्रीय कवि संगम के प्रदेश अध्यक्ष महेश शर्मा के अध्यक्षता और छत्तीसगढी फिल्मी नायक योगेश अग्रवाल , सुप्रसिद्ध गीतकार रामेश्वर वैष्णव, छंद के मर्मज्ञ राम नाथ ननकी, अरुण निगम, कमल शर्मा, गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के छत्तीसगढ़ संयोजक सोनल शर्मा, राजकुमार छापड़िया की विशेष अतिथिय पर सम्पन्न हुआ।



## शिक्षक संघ ने विभिन्न समस्याओं को लेकर बीईओ से मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक इकाई फिंगेश्वर के तत्वाधान में प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू एवं ब्लॉक अध्यक्ष हुलस साहू के नेतृत्व विभिन्न समस्याओं जिसमें विसंगति पूर्ण युक्तिकरण निर्देश,परीक्षा अनुमति की सूची जारी करने,सर्विस बुक संधारण,लंबी चिकित्सा अवकाश निराकरण,10 वर्ष एवं 20 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके शिक्षकों को क्रमोन्नत एवं समयमान वेतनमान प्रदान करने,शैक्षणिक व्यवस्था में रहे विभिन्न शिक्षकों को मूल शाला में वापस भेजने,सर्विस बुक सत्यापन, ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण करने को निरस्त करने के साथ साथ विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र कुमार जोशी से सौजन्य मुलाकात की।

इस मुलाकात को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र कुमार जोशी ने सकारात्मक पहल करते हुए कहा कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संबंधित समस्याओ का निराकरण शीघ्र करने के साथ साथ अन्य समस्याओ के निराकरण के लिए उच्च कार्यालय प्रेषित करने की बात कही।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश संयुक्त मंत्री पूरन लाल साहू, जिला महिला प्रतिनिधि लता ध्रुव, जिला संयोजक भुवन यदु, ब्लॉक अध्यक्ष हुलस साहू, सचिव किरण कुमार साहू, कोषाध्यक्ष डगेश्वर ध्रुव, कमलेश बघेल, दिनेश्वर साहू, छगन दीवान, बलराम बंजारे, कृपाराम बघेल, डीहू राम रावत, होरीलाल ध्रुव एवं छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी व शिक्षक गण उपस्थित थे।




**आलेखूटा-उमरपोटी में निकाली गई गौ-जनजागरण यात्रा**

# गौ माता में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास : योगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम आलेखूटा-उमरपोटी में गौ ग्राम जनजागरण यात्रा निकाली गई। मालूम हो कि गौ सेवा आयोग के तत्वावधान में पूरे प्रदेश में अलग-अलग स्थानों में गौ सेवा एवं गौधन की रक्षा के उद्देश्य से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। उक्त अवसर पर गौ सेवकों ने आलेखूटा में लोगो को गौवंश के संवर्धन एवं गौ सेवा के प्रति समाज को प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती योगिता सिन्हा, आलेखूटा सरपंच भागेश्वरी सिन्हा,रूपेंद्र चंद्राकर, राजू काबरा, चंदू कंसारी, पशु चिकित्सक डॉ वर्मा की विशेष सहभागिता रही । योगिता सिन्हा ने कहा की हिन्दू धर्म में गाय को देवता एवं माता के रूप में पूजा की जाती है। गौ माता में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है। गाय के गोबर में लक्ष्मी का वास होता है। गाय के संरक्षण की अत्यन्त आवश्यकता है। ग्राम स्तर पर समिति बनाकर एक स्थान का चयन कर गौ माता के संरक्षण की आवश्यकता है। जिससे यहां वहां भटकने वाले पशुधन से दुर्घटनाओं पर भी लगाम लगेगा। राजू काबरा कहा की गाय के घी से हवन करने से वातावरण शुद्ध होता है। गाय को पूछ की मार से बच्चो में बुरी नजर हट जाती है। गौ माता के संरक्षण के लिए प्रयास सराहनीय है। गौ ग्राम जनजागरण यात्रा का आलेखुटा एवं उमर पोटी में भव्य स्वागत किया गया। घरों घर आकर्षक रंगोली बनाकर यात्रा के लिए निकले रथ की पूजा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, गौसेवक एवं महिलाओं ने भाग लिया।



